राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग जयपुर

(जी.3, राजमहल रेजीडेन्शियल एरिया, सिविल लाईन फाटक, 22 गोदाम, सी–स्कीम जयपुर–302015)
टेलीफैक्स.0141–2222805, ईमेल–**dlbrajasthan@gmail.com** वेबसाईट **www.lsg.urban.rajasthan.gov.in**

क्रमांकः– 1108 – 1337 जयपुर, दिनांक :– 30/6/2017

समस्त जिला कलेक्टर्स,
समस्त उपनिदेशक (क्षेत्रीय),
स्थानीय निकाय, राजस्थान
समस्त आयुक्त / अधिशाषी अधिकारी,
समस्त नगर निगम / परिषद / पालिकाएं,
राजस्थान।

विषय :– मुख्यमंत्री शहरी जनकल्याण शिविरों के सम्बन्ध में।

माननीय मुख्यमंत्री महोदया द्वारा आज दिनांक 30.06.2017 को राज्य के सभी जिला कलक्टर्स के साथ की गई विडियो कान्फ्रेन्स के दौरान यह निर्देशित किया गया कि मुख्यमंत्री शहरी जनकल्याण शिविरों में कार्य निष्पादन में गति लायी जाये क्योंकि अब तक की प्रगति संतोषजनक नहीं हैं । जिला कलक्टर्स को नगरीय निकायों के अधिकारियों के विरूद्ध 17 सीसीए के तहत कार्यवाही करने के अधिकार भी दिये गये है। अतः जिला कलक्टर्स भी इन शिविरों की नियमित मॉनिटरिंग करें।

मुख्यमंत्री महोदया ने यह भी निर्देशित किया है कि शिविरों के प्रथम दिन संबंधित क्षेत्र का गहन सर्वे कर संबंधित योजनाओं के आवेदन पत्र भरवाने का कार्य किया जावे तथा द्वितीय दिवस को आवश्यक स्वीकृतियां जारी की जावें।

कृपया उपरोक्त निर्देशों के क्रम में मुख्यमंत्री शहरी जनकल्याण शिविरों में कार्य निष्पादन की गति बढावें तथा इसकी नियमित ऑनलाईन रिर्पोट निदेशालय को प्रेषित करें। शिविरों की समाप्ति के उपरान्त कमजोर परफॉर्मेंस वाले अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही भी की जा सकेगी।

30/6/2017
(पवन अरोड़ा)
निदशक एवं संयुक्त सचिव

क्रमांकः– 1338 – 1342. जयपुर, दिनांकः–30/6/2017

1. प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार।
2. विशिष्ठ सचिव, माननीय मंत्री महोदय, नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग, राज0 जयपुर।
3. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राज0 जयपुर।
4. निजी सचिव, निदेशक एवं संयुक्त सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राज0 जयपुर।
5. सुरक्षित पत्रावली।

30/6/2017
(पवन अरोड़ा)
निदशक एवं संयुक्त सचिव